# तीसरे दिन 89 हजार से अधिक भक्तों ने किए मां के दर्शन

## रविवार के दिन आंकड़ा लाख से ऊपर जाने की सम्भावना, की गई अतिरिक्त व्यवस्था





**नवभारत न्यूज**
**मैहर,21 मार्च. चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देशभर से पहुंचे भक्तों ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ माता के दर्शन किए।**

प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद सुरक्षा एवं सुगम व्यवस्था के चलते दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। सीढ़ी मार्ग सहित सभी मार्गों पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिससे भक्तों ने सहज रूप से माता के दर्शन किए। शनिवार को 89 हजार 936 श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी के दर्शन किए। इनमें से 79 हजार 413 श्रद्धालु पैदल मार्ग, 1 हजार 323 वैन मार्ग तथा 3 हजार 200 श्रद्धालु रोपवे मार्ग से मंदिर पहुंचे। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें।

## चित्रकूट में रामनवमीं पर गौरव दिवस का आयोजन

**सतना 21 मार्च.** चित्रकूट के पवित्र धाम में राघव प्रयाग घाट पर इस वर्ष राम नवमी के अवसर पर गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में लोक परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। लोक गायन (बघेली) की प्रस्तुति स्नेहा मिश्रा मऊगंज द्वारा दी जाएगी, जबकि श्रीराम केंद्रित नृत्य नाटिका का मंचन तरुणा सिंह ग्वालियर करेंगी। इसके अलावा भक्ति गायन की प्रस्तुति श्री शर्मा बंधु उज्जैन द्वारा दी जाएगी।

# . . .तनु तजि रहति छाँह किमि छेंकी . . .




तुलसीबाबा की लिखी इया चौपाई हमी बड़ी नीक लाग जेमा ऊ इया कहिन हय कि भगमान चाहे केतो विवेकि अउर करुणामयी होय पर कोहू से वोखर छाया कबहुँ अलग नाही किन जाय सकय.हमी लगत हय की लोग एहि भूलिगे हय. ऐसे की अब सब कोउ यहया मानय लग हय की चाहे जेता अत कर लेआ अंत मा कुछु नीक कई लेआ तो पहिले किनगे नागा कामन का लोग बिसरा देत हय. पर तुलसीबाबा का कहब इया हय की जइसे सूरिज भगवान से उनखे तेज का अउर चंद्रमा कै शीतलता का कोउ अलग नाही कर सकय तो हमार कीन काम हमसे कबहुँ अलग नाही कीन जाय सकय.उंखर दण्ड ता हमी भोगय का परि. हमार मानब इया हय की अब लोग येही भूलिगे हय. एहि से जेखर जइसन मन परत हय वा ओही कस करय लागत हय. कहत हय कि इया मनुक का तन बहुत निकहा करय कै बाद मिलत हय., एखे बादव लोगन का निकहा कै बजाय नागा काम करय मा अधिकय मन लगत हय. सब कै आँखिन मा स्वारथ का अइसन परदा लग गा हय की उँ इया भुला दिहिनन हय की इया जन्म कै बादव फेर जन्म लेय का परि अउर सबसे पहिले पाछे किनगे नागा कै दण्ड भोगय का परि.हमार कहब इया हय की जब से सुधि सम्हारि तब से सब दिनन इया सुध रखि की हमी अपने जन्म का सफल बनामय का हय.हमरे जन्म मा घर-परिवार का चाहे भले हर मेर का सहयोग रहा हो,पइदा होय कै बाद देश अउर समाज के खितिर हम का कीन्हेंन एहू कै पूछ-परख कीन जात ही.ऐसे आपन आमय वारी पीढ़ी का पहिचान मिलत ही. इया मान लेई की हम का अउर कइसन करि रहन हय एहि मा सब कुछु तय होत हय. पाप-पुण्य का बतकहओ भले अब चलन मा ना होय पर वोहि समझय अउर गिनय की बहुत लक कै तौर-तरीके हय.

# सागौन की लकड़ी के अवैध हेराफेरी मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा

## जांच के बाद पुलिस ने साजिशकर्ता और ड्राइवर को किया गिरफ्तार






**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 21 मार्च. मऊगंज पुलिस ने सागौन से भरे एक ट्रक के साथ धोखाध?ी और अमानत में खयानत के मामले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने ड्राइवर सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि एक मास्टरमाइंड की तलाश जारी है।**

एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रयागराज निवासी श्याम सुंदर प्रसाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी फर्म जीएल ट्रेडिंग कंपनी (बरेली) द्वारा पश्चिम बंगाल से लगभग 18 लाख रुपये मूल्य की सागौन की लकड़ी खरीदी गई थी यह माल ट्रक नंबर (PBAS 8251) के जरिए भेजा जा रहा था। जांच में सामने आया कि ट्रक ड्राइवर रसपाल सिंह ने शुरुआत में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और लूट की झूठी कहानी रची हालांकि, इस कड़ी पूछताछ में और जीपीएस (त्रक्क) ट्रैकिंग की मदद से सच सामने आया। और ड्राइवर रसपाल सिंह ने अपने परिचित चंदन जायसवाल (बिहार निवासी) के साथ मिलकर ट्रक के माल को खुर्द-बुर्द करने की योजना बनाई थी अवैध अनलोडिंग योजना के तहत ट्रक को मऊगंज के हनुमना थाना क्षेत्र के अंतर्गत %रकरी% गांव के पास एक ढाबे पर ले जाया गया, जहां हाइड्रा मशीन की मदद से लकड़ी को अनलोड किया गया पुलिस ने इस मामले में धारा 316(3) BNS के तहत एफआईआर दर्ज की है और रसपाल सिंह (ड्राइवर) को गिरफ्तार किया , जिसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। मोहम्मद साहिद (मऊगंज निवासी) को भी गिरफ्तार किया, जिसने लकड़ी उतरवाने में मदद की थी वही चंदन जायसवाल (मास्टरमाइंड) पुलिस के गिरफ्त से अभी बाहर है चंदन जायसवाल को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने अलग से टीम बनाई है

### दो आरक्षक लाइन हाजिर

पुलिस अधीक्षक को सूचना देने में देरी करने और प्रशासनिक लापरवाही के चलते दो पुलिस आरक्षकों को लाइन हाजिर (संबद्ध) कर दिया गया है। एडिशनल एसपी ने स्पष्ट किया कि यदि जांच में उनकी संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 4 वाहन जब्त



**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 21 मार्च. कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं प्रभारी खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रभारी खनि निरीक्षक देवेंद्र महोबे के नेतृत्व में खनिज दल द्वारा कुसमी, मड़वास, मझौली एवं रामपुर नैकिन तहसील क्षेत्रों में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया।**

जांच के दौरान 20 मार्च 2026 की देर रात्रि ग्राम कुसमी स्थित गोपद नदी के पास दो वाहन टाटा 407 क्रमांक एमपी 53 जीए 2418 एवं एमपी 53 जीए 2226 को रोका गया। जांच में खनिज रेत के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन चालक करुणानिधि मिश्रा निवासी ग्राम भगवार एवं शनि तिवारी निवासी ग्राम बड़वाही के कब्जे से दोनों वाहन मय खनिज जब्त कर थाना कुसमी पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिए गए। इसी प्रकार कुसमी-भदौरा मार्ग, तहसील मड़वास में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 53 जेडडी 0705 एवं एक हाईवा क्रमांक एमपी 53 एचए 2184 को पकड़ा गया। मौके पर चालक शिवम कुमार साहू निवासी ग्राम गुड्डवाधर एवं रामसुंदर पनिका निवासी ग्राम पड़री द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर दोनों वाहनों को मय खनिज जब्त कर थाना मड़वास एवं टिकरी चौकी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

### वाहनों को मड़वास चौकी में खड़ा कराया

इस पर दोनों वाहनों को मय खनिज जब्त कर थाना मड़वास एवं टिकरी चौकी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# जंगल में मिले शव का खुलासा, पति निकला हत्यारा

## दूसरी शादी के बाद बढ़ा विवाद, पहली पत्नी की रची गई साजिशन हत्या



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 मार्च। थाना बरगवां क्षेत्र के पिडरवाह चितरवई जंगल में मिले अज्ञात महिला के शव मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

जांच में स्पष्ट हुआ कि मृतिका साहिरा खातून की हत्या उसके ही पति जहरूद्दीन अंसारी उम्र 32 वर्ष निवासी चिनगी टोला ने की थी। यह पूरी कार्रवाई एसडीओपी सिंगरौली गौरव पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार यह घटना 13 मार्च की है, जबकि 17 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि पिडरवाह जंगल में 6-7 दिन पुराना एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही बरगवां पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। शव के पास मिले झोले, कपड़े और जिला अस्पताल बैढ़न की ओपीडी पर्ची के आधार पर मृतिका की पहचान की गई। शव अधिक सड़ चुका होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए एसजीएमएच रीवा भेजा गया।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास मिले साक्ष्यों के साथ-साथ परिजनों के बयान लिए। इसमें यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने करीब दो वर्ष पहले दूसरी शादी कर ली थी, जिसके बाद पहली पत्नी के साथ उसका विवाद बढ़ता गया। आरोपी ने मृतिका को बैढ़न के माजन मोड़ में किराये के मकान में रखा था, लेकिन वह लगातार साथ रहने का दबाव बना रही थी। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मो. समीर, सहायक उपनिरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी, श्याम बिहारी द्विवेदी, प्रआर सुनील सिंह, विपिन तोमर, नंदकिशोर बागरी, फूल सिंह, आर अरविंद यादव, चंद्रकेश यादव एवं अरूणेन्द्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी सराहना की जा रही है।

### पत्नी का गला दबाकर किया था हत्या

एसडीओपी गौरव पांडेय के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीव्ही फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। हिरासत में लेकर पूछतांछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने 13 मार्च को अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल से जंगल ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए उसका मोबाइल काचन डैम गदसा नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मृतिका का मोबाइल, दुपट्टा, नमकीन पैकेट और पानी की बोतल बरामद की है। आरोपी को आज दिन शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।



# शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी धाम में प्रभारी मंत्री संपतिया उईके ने टेका माथा

## प्रभारी मंत्री ने की प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 21 मार्च। म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके ने नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ ज्वालामुखी देवी मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।**

भक्तिमय वातावरण के बीच प्रभारी मंत्री ने माँ के दिव्य दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले एवं प्रदेशवासियों के कल्याण और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात मंदिर के मुख्य पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रभारी मंत्री को माँ की विशेष पूजा संपन्न कराई गई। पूजन के उपरांत पुजारियों ने उन्हें माता की चुनरी और प्रसाद भेंट कर शुभाशीष प्रदान किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने भी ज्वालामुखी माता की पूजा अर्चना कर जिले एवं प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की।

# किसी और ने लिया आवास योजना का लाभ

## सीएम हेल्पलाइन भी बेअसर, शिकायत को निराधार बताकर किया गया क्लोज



**नवभारत न्यूज**
**तिचरंगी 21 मार्च। शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना को पंचायत के पदाधिकारियों ने कमाई का जरिया बना लिया है।**

ग्राम पंचायत धरौली कला में सामने आया मामला यह साबित करता है कि किस तरह फर्जी सर्वे और अधिकारियों की मिलीभगत से असली हकदारों का हक छीना जा रहा है। शिकायतकर्ता दिलीप मिश्रा का आरोप है कि उन्होंने खुद अपने खर्च से मकान बनाया, लेकिन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और पीसीओ की कथित सांठगांठ से उनके ही मकान को किसी दूसरे व्यक्ति के नाम दिखाकर आवास योजना की राशि निकाल ली गई। आरोप यह भी है कि शिकायतकर्ता के मकान की फोटो का उपयोग कर दूसरे हितग्राही के नाम से दो किस्तों का भुगतान तक कर दिया गया। जब इस पूरे फर्जीवाड़े की जानकारी दिलीप मिश्रा को लगी, तो उन्होंने न्याय की उम्मीद में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जहां शिकायत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी, वहीं अधिकारियों ने मामले को ही निराधार बताकर क्लोज कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट में यह कहा गया कि शिकायतकर्ता पहले से पक्का मकान होने के कारण अपात्र है और किसी अन्य व्यक्ति को उनके नाम से लाभ नहीं दिया गया है। सवाल यह उठता है कि अगर सब कुछ सही है, तो फिर शिकायतकर्ता के मकान की फोटो और भुगतान की बात सामने कैसे आई, क्या यह जांच केवल कागजों तक सीमित रही। स्थानीय लोगों में इस पूरे मामले को लेकर गहरा आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि यदि सीएम हेल्पलाइन जैसी व्यवस्था में भी शिकायतों को इस तरह दबाया जाएगा, तो आम आदमी न्याय के लिए आखिर कहां जाएगा। यह मामला न केवल आवास योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को भी कटघर्रे में खड़ा करता है। अब देखना होगा कि इस कथित गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच होती है या फिर मामला यूं ही दबा दिया जाएगा।

# प्रदेश प्रभारी के सामने संभाग के नेताओं ने राज्यसभा की मांग उठाई

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की उपस्थिति में संभाग के प्रबुद्ध समाज की बैठक मैहर में हुई




**नवभारत न्यूज**
**सतना, 21 मार्च. मैहर स्थित मधुवन गार्डन में आज मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने रीवा संभाग के कांग्रेसी ब्राह्मण नेताओं के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में भाग लिया !**

ज्ञात हो कि लंबे समय से इन नेताओं द्वारा संभागीय चिंतन बैठक आयोजित कर, सतना, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज तथा मैहर जिला मुख्यालयों में क्रमिक रूप से चिंतन बैठकों के माध्यम से पार्टी के अंदर संगठन की स्थिति तथा विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ब्राह्मण समाज की भूमिका को लेकर विस्तृत चर्चा और मंथन किया गया था! मऊगंज और मैहर के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव की उपस्थिति में सम्पन्न इस बैठक में संभाग के सभी जिलों के प्रमुख ब्राह्मण नेताओं ने भाग लिया !

प्रतिनिधिमंडल की ओर से वरिष्ठ नेता पंडित गिरिजेश कुमार पांडेय ने पूर्व में आयोजित चिंतन बैठकों से प्राप्त सुझावों को रखते हुए कहा कि ब्राह्मण बहुल रीवा संभाग में पार्टी का प्रदर्शन लगभग तीन दशकों से लगातार कमजोर होता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेतृत्व की उपेक्षा रही है,उन्होंने प्रदेश प्रभारी के समक्ष आगामी राज्यसभा चुनाव में रीवा संभाग के ब्राह्मण नेता को पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने की मांग पुरजोर तरीके से रखी ! साथ ही आगामी चुनावों एवं संगठन विस्तार में संख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित किए जाने की बात भी जोर देकर कही गई जिस पर सभी ने समर्थन व्यक्त किया ! इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, विशेष रूप से कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर चर्चा कराने की मांग की ! इस पर प्रदेश प्रभारी द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया ! बैठक में सभी नेताओं का परिचय तथा प्रदेश प्रभारी का स्वागत पंडित विनोद शर्मा द्वारा किया गया !

### इनकी रही उपस्थिति

प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से सीधी से पंडित चिंतामणि तिवारी, पंडित ज्ञानेंद्र द्विवेदी, पंडित करुणासिंधु परौहा; सिंगरौली से पंडित देवेंद्र दरोगा पाठक, पंडित रमाशंकर शुक्ल; मऊगंज से पंडित आर.बी. शर्मा, पंडित विनोद शुक्ल, पंडित हरिगोविंद सिंह तिवारी; रीवा से पंडित गिरिजेश पाण्डेय,पंडित विनोद शर्मा,पंडित राजू पाण्डेय, पंडित मृत्युंजय मिश्र; मैहर से पंडित प्रभात द्विवेदी, पंडित अखिल मिश्र, पंडित शिवम पाण्डेय, पंडित विमलेश मिश्र,पंडित महिपाल सिंह तिवारी,पंडित बृंदावन ब?गैय्या तथा सतना से पंडित महीपत शुक्ल, पंडित उपेन्द्र मिश्र सहित दो दर्जन से अधिक ब्राह्मण नेता शामिल रहे !

नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**सब एडीटर**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**प्रसार प्रतिनिधि**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**रिपोर्टर**
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :

नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)

फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99